જિલ્લા શિક્ષણ સમિતિ - કચ્છ.

દ્વિતીય સત્રાંત કસોટી - 2023-2024

તા. : 16/04/2024 | ધોરણ :- 8 | ગુણ :- 80

વાર :- મંગળવાર | વિષય :- હિન્દી | સમય :- 8.00 થી 11.00

प्र-1 (A) सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए । (4)

1. कच्छ में बहत्तर जिनालय कहाँ है ?

(अ) मांडवी में (ब) लखपत में

(क) गांधीधाम में (ड) भद्रेश्वर में

2. शास्त्रीजी के लिए कर्म क्या था ?

(अ) धर्म (ब) भक्ति

(क) जीवन (ड) ईश्वर

3. बाबा भारती कहाँ रहते थे ?

(अ) घर में (ब) झोंपड़ी में

(क) धर्मशाला में (ड) मंदिर में

4. आंतरराष्ट्रीय अस्पताल कच्छ में कहाँ है ?

(अ) गांधीधाम (ब) भूज

(क) बीदडा (ड) अंजार

प्र-1 (B) प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखिए । (किन्ही चार) (8)

1. कंडला से नखत्राणा तक कौन-कौन से धार्मिक स्थल आते है ?
2. शास्त्रीजी की लोकप्रियता का कारण क्या था ?
3. बाबा भारती के घोड़े की क्या विशेषता थी ?
4. बाबा भारती किस बात से डर गए थे ?
5. लाल बहादुर शास्त्रीजी प्रधानमंत्री के पद तक कैसे पहुँचे ?

प्र-2 निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (5)

बढ़ती जनसंख्या ने अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म दिया है - रीटी, कपड़ा, मकान की कमी, बेरोजगारी, निरक्षरता, कृषि एवं उद्योगों के उत्पादनों में कमी आदि । हम जितना अधिक उन्नति करते हैं, या विकास करते हैं जनसंख्या उसके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ जाती है । बढ़ती जनसंख्या के समक्ष सभी सरकारी प्रयास असफल दिखाई देते है । कृषि उत्पादन और औद्योगिक विकास बढ़ती जनसंख्या के सामने नगण्य सिद्ध हो रहें हैं । इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण की अति आवश्यकता है । इसके बिना विकास के लिए किए गए सभी प्रकार के प्रयत्न अधूरें रह जाएँगे ।

1. बढ़ती जनसंख्या ने किसे जन्म दिया है ?
2. विकास कार्य क्यों नहीं दिखाई देते ?
3. बढ़ती जनसंख्या के समक्ष क्या नगण्य सिद्ध हो रहा है ?
4. 'सफल' शब्द का विरोधी शब्द परिच्छेद में से ढूंढकर लिखिए ।
5. परिच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए ।

प्र-3 रुपरेखा के आधार पर कहानी लिखिए । (6)

एक कंजूस के पास काफी सोना - बक्से में भरकर खेत में गाड़ देना - रोज रात के समय गिनना - चोर का देख लेना - सोने के बदले पत्थर भर देना - दुसरे दिन कंजूस का रोना - एक बूढ़े की सलाह, 'अब पत्थर गिन लेना ।'

प्र-4 निम्नलिखित परिच्छेद का गुजराती में अनुवाद कीजिए । (4)

भारत की उत्तरी सीमा पर स्थित जम्मू व कश्मीर एक छोटा सा राज्य है । वह राज्य अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है । श्रीनगर इसी राज्य की राजधानी है । श्रीनगर जेलम नदी के दोनों तटों पर बसा बहुत सुंदर शहर है । एक तट से दूसरे तट तक जाने के लिए झेलम नदी पर कई पुल बने हैं । श्रीनगर में एक बहुत बड़ी और बहुत सुंदर झील है । इस झील का नाम 'डल' झील है ।

प्र-5 नीचे दिए गए काव्य को पूर्ण करके लिखिए । (6)

रात होने पर मैं निकलता
सबको देता हूँ शीतलता...

प्र-6 दिए गए शब्द के उत्तर मिले ऐसी पहेली बनाकर लिखिए । (6)

1. बादल
2. आम

प्र-7 निम्नलिखित विषय पर पत्र लिखिए । **(5)**

खेल महाकुंभ में असफल (अच्छा प्रदर्शन नहीं करने पर) सखी को आश्वासन पत्र लिखिए ।

प्र-8 निम्नलिखित काव्य पंक्तियों का भावार्थ लिखिए । **(4)**

मंदिर-मस्जिद-गिरजाधर ने
बाँट लिया भगवान को ।
धरती बाँटी सागर बाँटा
मत बाँटो इंसान को ।

प्र-9 नीचे दी गई परिस्थिति में आप क्या करेंगे इसके बारे में लिखिए । (किन्ही एक) **(4)**

1. यदि भगवान आपको कुछ माँगने के लिए कहे, तो आप क्या माँगना चाहेंगे ?
2. आपके गाँव में तूफ़ान आए तो उस समय आप क्या करेंगे ?

प्र-10 (A) निम्नलिखित शब्द का समानार्थी देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । **(8)**

1. उद्यम =

(B) निम्नलिखित शब्द का विरोधी शब्द देकर वाक्य में प्रयोग करके लिखिए ।

1. विश्वास x

(C) निम्नलिखित मुहावरें का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग करके लिखिए ।

1. फूट-फूट कर रोना ।

(D) निम्नलिखि कहावत का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग करके लिखिए ।

1. अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत ।

प्र-11 दिए गए शब्दों को शब्दकोश के क्रम में लिखिए । **(4)**

महकना, अभ्यास, शायर, चिराग

प्र-12 (A) निम्नलिखित वाक्य में से विशेषण पहचानकर उसके प्रकार लिखिए । **(4)**

1. गौरव तीसरी कक्षा में पढ़ता है ।
2. कुछ लड़को ने पर्यावरण बचाने का बीड़ा उठाया है ।

- **निम्नलिखित वाक्य में से संज्ञा पहचानकर उसके प्रकार लिखिए ।**

3. आज बिल्ली सारा दूध पी गई ।
4. उत्साह मन का भाव है ।

(B) सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए । **(4)**

1. गंगा सबसे पवित्र नदी है ।

   (अ) द्रव्यवाचक संज्ञा (ब) जातिवाचक संज्ञा

   (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ड) भाववाचक संज्ञा

2. मैं बहुत प्रतिभाशाली हूँ । (सर्वनाम पहचानिए)

   (अ) हूँ (ब) बहुत

   (क) हम (ड) मैं

3. इस वर्ष भी राहुल को पुरस्कृत किया जाएगा । (सर्वनाम पहचानिए)

   (अ) निश्चयवाचक सर्वनाम

   (ब) पुरुषवाचक सर्वनाम

   (क) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

   (ड) प्रश्नवाचक सर्वनाम

4. पूर्व दिशा में सूर्योदय होता है । (विशेषण पहचानिए)

   (अ) पश्चिम

   (ब) पूर्व

   (क) दिशा

   (ड) सूर्योदय

प्र-13 निम्नलिखित विषय पर निबंध लिखिए । (किन्ही एक) **(8)**

1. कच्छ के दर्शनीय स्थल
2. श्रम का महत्व
3. मेरा प्रिय नेता

★